हिंदी दैनिक
**नागपुर मेट्रो समाचार**

# मेट्रो सिटी

नागपुर, बुधवार, 12 मार्च 2025

## रमज़ान और सख़ावत

रमज़ानुल मुबारक सख़ावत का महीना भी है, इसमें जिस क़दर फ़ी सबिलिल्लाह किया जाए कम है, क्योंकि ये महीना आख़िरत की कमाई का महीना है, इसमें रोज़ा इफ्तार कराने और रोज़ा खोलने के बाद रोज़ेदार को पेट भर खाना खिलाने की भी खास फ़ज़ीलत वारिद हुई है और इस माह को ग़मख़्वारी का महीना फ़रमाया है, जैसा कि ग़रीबों की इमदाद व इनायत इस माह के कामों में एक अहम काम है। एक हदीस पाक में इरशाद फरमाया गया है कि जब रमज़ान का महीना आ जाता था तो हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहू अ़लैहि वसल्लम हर क़ैदी को आज़ाद फ़र्मा देते थे और हर साइल को अता फ़रमा देते थे। ( मिशकात शरीफ़) आज बुधवार रोजे का समय सहरी 05:08 पर और इफ़्तार का समय 06:27 पर है.

## उमैर



**रमजान मुबारक का नन्हा रोजेदार मोहम्मद उमैर मुजाहिद शेख ने रखा अपना पहला रोजा**

# विदर्भ में किसानों की खुदकुशी पर लगेगी लगाम: नितिन गडकरी

### > राहत लेकर आया पतंजलि का प्लांट

**नागपुर.**

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने नागपुर में पतंजलि फूड और हर्बल पार्क के उद्घाटन के मौके पर कहा कि यह पार्क विदर्भ के किसानों के लिए लाभदायक होगा. गडकरी ने बताया कि विदर्भ में संतरा किसानों की फलों की गुणवत्ता और उत्पादन में सुधार किया गया है और किसानों को अच्छी कीमत दिलाने के उपाय किए गए हैं. उद्घाटन समारोह में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, पतंजलि के सह-संस्थापक रामदेव और प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण भी शामिल थे.

**विदर्भ के किसानों के लिए राहत लेकर आएगा पार्क- गडकरी**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गडकरी ने कहा, ''नया पार्क विदर्भ के किसानों के लिए राहत लेकर आएगा, जहां कई किसानों ने आत्महत्या की है.'' उन्होंने कहा, ''मेरा अपना ऑरेंज गार्डन है. हम फसल के लिए ड्रोन का भी इस्तेमाल कर रहे हैं. अब हम इलेक्ट्रॉनिक ट्रैक्टर का उपयोग करने जा रहे हैं और मुझे इसमें दिलचस्पी है. मैं ज्यादातर कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में काम करता हूं.'' गडकरी ने कहा, ''बाबा रामदेव के आशीर्वाद से मुझे विभिन्न विश्वविद्यालयों में



11 डॉक्टरेट की उपाधियां मिलीं हैं, जिनमें से 6 मानद उपाधियां मुझे कृषि के क्षेत्र के लिए दी गई है. इसलिए मैं बैकअप में आपकी पतंजलि फूड एंड हर्बल पार्क परियोजना में मदद करूंगा. हम मेरे खेत से संतरे, तरबूज, नींबू और अन्य सभी फलों की आपूर्ति करने की भी कोशिश करेंगे.

गडकरी ने आगे बताया, ''विदर्भ के संतरे बांग्लादेश को निर्यात किए जाते हैं, लेकिन बांग्लादेश सरकार ने इन निर्यातों पर 85% शुल्क लगाया है. इससे लॉजिस्टिक्स की लागत बढ़ जाती है. जब मैंने इस संबंध में बांग्लादेश के पूर्व प्रधानमंत्री से बात की तो उन्होंने कहा, "मैं शुल्क कम करने के लिए तैयार हूं, आप ब्याज का शुल्क कम करें."

**विदर्भ के किसानों को ज्यादा लाभ देने की कोशिश- गडकरी**

उन्होंने कहा, "हाल ही में हमने बांग्लादेश के लिए एक नई योजना बनाई है और एक तरह से हम समुद्र को नागपुर लाए हैं. वर्धा में एक शुष्क बंदरगाह का निर्माण किया गया है. यह सीधे बंगाल के हल्दिया जाएगी और वहां से बांग्लादेश पहुंचेगी. केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि हमारी कोशिश है कि लॉजिस्टिक लागत को कम करके विदर्भ के किसानों को ज्यादा लाभ मिले.''

### गडकरी ने कहा बाबा रामदेव की पहल विदर्भ के लिए बहुत महत्वपूर्ण

केंद्रीय मंत्री ने कहा, बाबा रामदेव की पहल हमारे लिए और विदर्भ के लिए बहुत महत्वपूर्ण है. इससे विदर्भ के किसानों को बड़ी राहत मिलेगी. किसानों को नजरअंदाज किया जा रहा है, लेकिन अब हम एग्रो विजन के माध्यम से इस संबंध में एक प्रयोगशाला खोलने जा रहे हैं. ताकि किसानों को इसके बारे में जानकारी मिल सके. हमारा प्रयास है कि आने वाले दिनों में विदर्भ में किसानों की खुदकुशी की तस्वीर बदल जाए.



## पोद्दारेश्वर राम मंदिर में 103 साल पूरे, दीपों से जगमगाया मंदिर

**नागपुर.**

शहर के मशहूर और प्राचीन मंदिरो में से एक पोद्दारेश्वर राम मंदिर निर्माण को 103 वर्ष पूरे हो गए है। स्थापना दिन के उपलक्ष्य में मंदिर प्रशासन ने मंगलवार को दीप दर्शन और दीप प्रज्वलन समारोह का आयोजन किया गया। डेढ़ लाख दियो से पूरा मंदिर जगमगा उठा।

नागपुर में पोद्दारेश्वर राम मंदिर के 103वें स्थापना दिवस के अवसर पर मंगलवार शाम को दीप दर्शन और दीप प्रज्वलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान मंदिर में दीपों के माध्यम से सनातन धर्म के शुभ प्रतीक चिह्न जैसे त्रिशूल, गदा, ओम, स्वस्तिक, शंख आदि बनाए गए। साथ ही श्रद्धालुओं ने सभी बिजली की लाइटें बंद कर दी और दीपों की तेज रोशनी में ही भगवान श्री राम के दर्शन किए।

ऐतिहासिक मंदिर भवन की भव्य रोशनी देखने लायक थी। इस दौरान आतिशबाजी की गई, श्री पांचजन्य श्री राम सेवक शंख दल ने सामूहिक शंखनाद किया तथा शिवमुद्रा ढोल ताशा मंडली ने ढोल वादन किया। इस समय राम मंदिर हजारों दीपों से जगमगा रहा था।



## ज्वेलर्स के साथ हुई 2.34 करोड़ की धोखाधड़ी

**नागपुर.**

प्रतापनगर थाना क्षेत्र में एक ज्वेलर्स को करोड़ों की ठगी का शिकार बनाया गया। आरोपी ने पहले विश्वास जीतकर छोटे-मोटे लेनदेन किए और फिर बड़ी रकम की धोखाधड़ी की। इस मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार फरियादी जयंत वसंतराव पालकर (49) संभाजी नगर चौक, त्रिमूर्ति नगर में रहते हैं और उनका संभाजी नगर में "श्री सप्तश्रृंगी ज्वेलर्स" नामक आभूषणों की दुकान है। आरोपी राहुलकुमार नरेशचंद्र खाबीया उर्फ जैन, जो कि प्लॉट नं. 67, नलावडे ले-आउट, पडोळे हॉस्पिटल के पास किराए पर रहता था, उसने शुरू में कुछ आभूषण नकद खरीदकर विश्वास जीता। इसके बाद, 1 फरवरी 2024 से 4 मार्च 2025 के बीच, आरोपी ने ज्वेलर्स से 2 किलो 148 ग्राम सोने के आभूषण खरीदे, जिसकी कीमत 2.34 करोड़ रुपये थी। इस लेन-देन के बदले आरोपी ने एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक का 1.50 करोड़ रुपये का चेक दिया। लेकिन जब पीड़ित ने चेक जमा किया, तो आरोपी ने उसका भुगतान रोक दिया।

**दूसरा चेक भी हुआ बाउंस**

जब ज्वेलर्स ने इस बारे में आरोपी से सवाल किया, तो उसने दूसरा चेक दिया, जो फिर से बाउंस हो गया। आरोपी ने बार-बार बहाने बनाकर रकम चुकाने से इनकार कर दिया। इस तरह, आरोपी ने पीड़ित से भारी मात्रा में आभूषण लेकर उसे धोखा दिया और विश्वासघात किया। पीड़ित ने शिकायत दर्ज कराने के बाद, प्रतापनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के तहत मामला दर्ज किया। इस मामले की जांच पुलिस उपनिरीक्षक दंदाले कर रहे हैं। पुलिस आगे की जांच में जुटी है और आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## कमसिन बच्चों ने रमजान का रोजा रखा

**नागपुर.**

रमजानुल मुबारक के मुकद्दस (पवित्र) मौके पर कमसिन बच्चो ने रोजा रखा। वांजरा स्थित पार्वती नगर के वसीम शेख साहब की बेटी साजिया शिरीन, और बेटे हाशिर शेख ने रमजान-उल-मुबारक का आठवां रोजा रखकर अल्लाह और उसके रसूल को याद किया।

इस अवसर पर मां फरहा नाज़, दादी रजिया सुल्ताना, सना फुफ्फू, हिदायत उल्ला खान, इमरान शेख, जीनत फातमा, मलका शेख, जफर उल्ला खान, हाफिज एजाज, प्रतापगढ़ी, साहेल पठान, गुलनाज शेख, जावेद शेख इन सभी लोगों ने साजिया शिरीन और हाशिर शेख को मुबारकबाद दी और इन बच्चों की लंबी जिंदगी के लिए दुआओं से नवाजा।



## सोना चांदी ओल कमेटी का चुनाव निर्विरोध संपन्न

**नागपुर.**

सोमवार दि. 10/3/2025 को सोना-चोदी ओल कमेटी (नागपुर सराफा` असोसिएशन) सराफा बाजार इतवारी, नागपुर श्री त्रिवार्षिक सर्वसाधारण सभा पुरुषोत्तम काबले इनकी अध्यक्षता में संपन्न हुई. इस सभा में नए कार्यकारिणी मंडल का चुनाव किया गया, चुनाव अधिकारी दीपक जव्हेरी एवं उनकी टीम ने सफलतापूर्वक चुनाव संपन्न कराये.सभा में निर्विरोध रूपसे नये कार्यकारिणी मंडल का चुनाव संपन्न हुआ.

**नवनिर्वाचीत कार्यकारीणी मंडल निम्नानुसार निर्विरोध चुने गये**

अध्यक्ष राजेश रोकडे, उपाध्यक्ष पंकज बखाई, उपाध्यक्ष मनोज (बॉबी ) रावका , सचिव अंशुल हरडे, सहसचिव अनूप उदापुरे , कोषाध्यक्ष राजेश (राम) शाह, कार्यकारिणी सदस्य अभयकुमार कोठारी, अनिल घरमठोक, राहुल आसरे, हिमांशु अरमरकर, नीरज धाराशिवकर, जयेश काटकोरिया, अभिषेक अग्रवाल, राजेश लोंदे, विशाल रोकडे, प्रमुख मार्गदर्शक पुरुषोतम कावले, राजेन्द्र काटकोरिया, मनुभाई सोनी, राजकुमार गुप्ता, रविक्रांत हरडे और दिलीप मोढ़.





## भारतीय संस्कृति महिलाओं के हाथों में: कांचन गडकरी

**नागपुर.** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री कर्मवीर मा.सा. कन्नमवार के शतकोत्तर रौप्य महोत्सव वर्ष के अवसर पर महिला दिवस के मौके पर आयोजित स्व. ताईसाहेब कन्नमवार बेलदार समाज विदर्भ स्तरीय महिला सम्मेलन डॉ. अर्चना सिंगम के नेतृत्व में संपन्न हुआ। भव्य महिला दिवस सम्मेलन संताजी सभागृह में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लगभग 1600 महिलाओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षा कांचन गडकरी, प्रमुख अतिथि मोहन मते और उद्घाटनकर्ता सिनेअभिनेत्री ऋजुता देशमुख, विशेष अतिथि सिने अभिनेत्री शुभा सक्सेना-उपलपवार थीं। कांचन गडकरी ने अपने भाषण में महिलाओं के नेतृत्व गुणों पर प्रकाश डाला, माटी और मातृभूमि के महत्व को स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति को बनाए रखना यह महिलाओं के हाथों में है। ऋजुता देशमुख ने कहा कि महिलाओं को आत्मविश्वास के साथ आगे आकर विभिन्न क्षेत्रों में अपने कार्य का प्रभाव छोड़ना चाहिए। कार्यक्रम की प्रारंभिक टिप्पणी डॉ. अर्चना सिंगम ने की।

कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली वरिष्ठ महिलाओं का सम्मान किया गया। इसमें रजनी ठाकूरवार (राजुरा), रागिनी उपल पवार (भोपाल), कल्पना चिद्रावार (हिंगणघाट),ललिता मामीडवार( नागपुर),अरुणा कोट्टेवार (वर्धा), रेखा दशमवार (ब्रह्मपुरी), नंदा नीलमवार (गडचिरोली) शामिल थीं। महिलाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं रंगोली, पुष्परचना प्रतियोगिता, वक्तृत्व प्रतियोगिता और समूह नृत्य प्रतियोगिता रखी गईं।

प्रतियोगियों में ज्योति बालमवार, प्राची गांगुलवार, सीमा सिंगम, कांचन कोट्टेवार,शीतल पिट्टलवार,वैशाली गांगुलवार ,कस्तुरी कोपले, नीलिमाकोडावार, अर्चना कोट्टेवार को मिला।

सफलतार्थ प्रा. डॉ. अर्चना सिंगम, सुरेखा जंगीटवार, स्व. ताईसाहेब कन्नमवार विदर्भ बेलदार महिला समिति की विभा गुंडलवार, रंजना कालबागवार, अर्चना कोट्टेवार,प्रियंका मैदमवार, प्रीति सिंगलवार,भारती सिंगम, रुपाली श्रीगिरीवार, स्वाति आडेवार सहित अन्य ने प्रयास किया।

## वर्धमान नगर में श्री राम कथा का आयोजन 2 से 9 अप्रैल तक



**नागपुर.**

श्री राम कथा आयोजन, वर्धमान नगर नागपुर की ओर से नवरात्र के अवसर पर भव्य श्री राम कथा का आयोजन वर्धमान नगर के श्रेयश विद्यालय प्रांगण में आगामी 2 अप्रैल से 9 अप्रैल तक प्रतिदिन शाम 4 बजे से 7 बजे तक होने जा रहा है। श्री राम कथा का सुंदर सरस वर्णन वृंदावन के कथावाचक संत विजय कौशल महाराज अपने मुखारविंद से करेंगे। श्री राम कथा के प्रमुख यजमान सर्वश्री गोपाल, हनुमान, जयप्रकाश राठी परिवार हैं।

श्री राम कथा आयोजन के प्रचार प्रमुख गिरधर चांडक, जयप्रकाश राठी ने बताया की श्री राम कथा की तैयारियां आरम्भ कर दी गई हैं। तैयारियों की श्रृंखला में विभिन्न समितियों के गठन के लिए बैठक का आयोजन हिवरी नगर के गीता भवन में किया गया। बैठक में कार्यक्रम की सुचारू व्यवस्थापन के लिए विविध समितियां बनाई गईं।

राम कथा आयोजन के मार्गदर्शक पुरुषोत्तम मालू, रामनिवास मूंदड़ा, गोपाल राठी, हरिप्रसाद झंवर, कमलजी तापड़िया, राकेश गट्टानी, बृजगोपाल दरक, गिरीराज बियाणी, जयश्री बियानी, जगदीश बियानी,मनोज बिहानी ने बैठक में अपने विचार रखे। तैयारी सभा में राजेश मूंधड़ा, जगदीश सोनी, हनुमान राठी, महेश सारडा, ओम तोषनीवाल, श्रीनिवास राठी कैलाश करवा, अनिल सारडा, पवन सोनी, रमेश मूंधड़ा, नटवरलाल पसारी, गोपाल काबरा आदि प्रमुखता से उपस्थित थे।

## होली के दौरान रेलवे स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म टिकटों की बिक्री पर प्रतिबंध

**नागपुर.**


होली के दौरान रेलवे स्टेशनों पर बढ़ती भीड़ को नियंत्रित करने और यात्रियों की सुचारु आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए मध्य रेलवे ने प्लेटफॉर्म टिकटों की बिक्री पर अस्थायी प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया है। यह प्रतिबंध 8 मार्च 2025 से 16 मार्च 2025 तक लागू रहेगा।

**नागपुर रेलवे स्टेशन पर रहेगा प्रतिबंध**

इस आदेश के तहत नागपुर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को प्लेटफॉर्म टिकट उपलब्ध नहीं होगा। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे अनावश्यक रूप से स्टेशन परिसर में भीड़ न बढ़ाएं और रेलवे के इस निर्णय में सहयोग करें।

**विशेष श्रेणी के यात्रियों को मिलेगी छूट**

हालांकि, वरिष्ठ नागरिकों, बीमार व्यक्तियों, छोटे बच्चों, अशिक्षित यात्रियों और उन महिला यात्रियों को, जो स्वयं अपना ध्यान नहीं रख सकतीं, विशेष अनुमति के तहत प्लेटफॉर्म टिकट प्रदान किए जाएंगे। होली के दौरान ट्रेनों में यात्रियों की संख्या अत्यधिक बढ़ जाती है, जिससे स्टेशन परिसर में अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। यात्रियों की सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि यह अस्थायी प्रतिबंध केवल भीड़ नियंत्रण के उद्देश्य से लागू किया गया है और यात्रियों को किसी भी असुविधा से बचाने के लिए आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे यात्रा के दौरान सतर्क रहें, अनावश्यक रूप से स्टेशन न आएं और अपने सामान व टिकट की सही तरीके से जांच करें।




## जोया सिराज शेख को नितिन गडकरी ने किया सम्मानित

**नागपुर.**

नागपुर महानगर पालिका की ओर से रेशीमबाग मैदान में महिला उद्योजिका मेले का आयोजन किया गया। इस मेले के तहत महिला दिवस के उपलक्ष्य में शहर की असाधारण कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और समाजसेवी व गायिका अमृता फडणवीस प्रमुख अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

**जोया सिराज शेख को विशेष सम्मान से नवाजा**

इस अवसर पर नागपुर शहर में सक्रिय रूप से समाजसेवा कर रही कारा फाउंडेशन की संस्थापक जोया सिराज शेख को विशेष सम्मान से नवाजा गया। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के हाथों उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। कारा फाउंडेशन एक सामाजिक संस्था है, जो महिलाओं के सशक्तिकरण और प्रगति के लिए विभिन्न योजनाएं और कार्यक्रम संचालित करती है।

जोया सिराज शेख पिछले कई वर्षों से समाज के वंचित वर्ग, विशेषकर महिलाओं और बच्चों के उत्थान के लिए कार्य कर रही हैं। उनकी संस्था के माध्यम से शिक्षा, स्वावलंबन, स्वास्थ्य और महिला सुरक्षा के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई जाती हैं। उनके इन प्रयासों को देखते हुए उन्हें इस प्रतिष्ठित सम्मान से सम्मानित किया गया।






कार्यक्रम में कई अन्य सफल महिला उद्यमियों और समाजसेविकाओं को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने महिलाओं की उन्नति और सशक्तिकरण पर बल देते हुए कहा कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए ऐसी महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह आयोजन महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। नागपुर मनपा के इस प्रयास की सराहना करते हुए अतिथियों ने भविष्य में भी इस तरह के आयोजनों को जारी रखने की अपील की।

# सरकार के शिक्षक निर्धारण फैसले से 350 स्कूलों के बंद होने का खतरा

**नागपुर.**



शिक्षक निर्धारण पर सरकार के फैसले से जिला परिषद के अंतर्गत 350 स्कूलों के बंद होने का खतरा पैदा हो गया है। इससे गरीब और ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों की शिक्षा खतरे में पड़ रही है तथा आशंका है कि हजारों शिक्षक बेकार हो जाएंगे। महाराष्ट्र राज्य प्राथमिक शिक्षक समिति ने इस अन्यायपूर्ण निर्णय के खिलाफ राज्य भर के जनप्रतिनिधियों को एक बयान जारी कर चेतावनी दी है कि इस निर्णय को तुरंत वापस लिया जाना चाहिए अन्यथा पूरे राज्य में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

**जनप्रतिनिधियों को दिया गया वक्तव्य :** शिक्षकों की समिति ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, पालकमंत्री चंद्रशेखर बावनकुले, सांसद श्यामकुमार बर्वे, विधायक मोहन मते, विकास ठाकरे, चरणसिंह ठाकुर, एडवोकेट को पत्र लिखा है। अभिजीत वंजारी और कृपाल तुमाने ने अपने बयान प्रस्तुत किए हैं।

**एक लाख छात्रों की शिक्षा खतरे में :** सरकार के इस फैसले से राज्य भर में लगभग एक लाख छात्र शिक्षा से वंचित रह जाएंगे। विशेष रूप से, 20 से कम विद्यार्थियों वाले स्कूलों में कक्षा 6वीं से 8वीं तक के लिए शिक्षकों को मंजूरी नहीं दी जाएगी। परिणामस्वरूप, इन स्कूलों में कक्षाएं बंद होने का खतरा है। इस निर्णय से नागपुर जिला परिषद के अंतर्गत आने वाले लगभग 350 स्कूल प्रभावित होंगे। पूरे राज्य में स्थिति समान रूप से गंभीर है।

**शिक्षकों की नौकरियां खतरे में :** इस निर्णय से राज्य में 25,000 से अधिक अतिरिक्त शिक्षक उपलब्ध होंगे। नई मान्यता शर्तों ने इन स्कूलों के अस्तित्व पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

**प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख सदस्य :** शिक्षक समिति के जिला अध्यक्ष लीलाधर ठाकरे के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल में अनिल नासरे, विलास कालमेघ, नीलकंठ लोहकरे, राजू बोकड़े, सुरेश श्रीखंडे, प्रकाश सव्वालाखे, सुरेंद्र कोल्हे, विजय उमक, दिगंबर ठाकरे, धर्मेंद्र गिरडकर, दामोदर कोपरकर, संजय अवारी, विजय जाधव, मोरेश्वर तुपे, राकेश ढोरे, योगेश राऊत, सुरेश भोसकर, प्रकाश जाधव, दिलीप मेहर, किशोर बांगरे और चिंधु शंभरकर आदि शामिल थे।

# मनीष नगर में मिनिसो शोरूम का उद्घाटन

**नागपुर.**



मनीष नगर में जापानी कंपनी मिनिसो के शोरूम का उद्घाटन नागपुर चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष कैलाश जोगानी द्वारा किया गया। मॉल के संचालक श्रेयस कोमल राठी ने बताया कि मिनिसो एक ऐसा स्टोर है, जहाँ आपको स्टाइलिश और ट्रेंडी प्रोडक्ट्स का अनोखा कलेक्शन मिलेगा। यहां घरेलू सामान से लेकर एक्सेसरीज, फैशन, कॉस्मेटिक, हाउसहोल्ड स्टोरेज, ट्रैवल, स्लीपर्स, गिफ्ट आइटम, खिलौने, लंच बॉक्स

और हजारों तरह के उत्पाद उपलब्ध हैं। कीमतें रु.50 से लेकर रु.1500 तक हैं। यहाँ आप हर पार्टी और घर के लिए बेहतरीन गिफ्ट आइटम खरीद सकते हैं।

पुरषोत्तम मालू, गोपाल सारडा, गोविन्द पसारी, कमल पसारी, तरुण निर्वाण, नाथाभाई पटेल, वसंत पालीवाल, मनोज सोनी, सुधाकर पसारी, प्रेमनाथ राठी, कमल सारडा, सजल दुबे, श्वेता रावलानी दुबे सहित नई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# किसानों को संतरा खेती के लिए कृषि विशेषज्ञों का मार्गदर्शन

**कोंढाली.**



11 मार्च को मौजा कचारी सावंगा में बागवानी कीट सेवा एवं सलाह परियोजना (हॉर्टसॅप) के अंतर्गत किसान शरद सोनोने के खेत में संतरा फल फसल खेती कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह आयोजन काटोल तालुका कृषि अधिकारी रचना भोसले के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया था। इस फार्म स्कूल में कृषि पर्यवेक्षक नरेंद्र सावध ने संतरे की फसल के जल प्रबंधन, उर्वरक प्रबंधन, फसल को प्रभावित करने वाले रोग और कीट, वैरिएटल कटिंग का रोपण, पेड़ पर आवश्यक फल भार बनाए रखना, समय पर फसल सुरक्षा, फलों की समय पर कटाई और वसंत और गर्मियों के मौसम की योजना बनाने के विषयों पर गहन मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर खेत में जीवामृत तैयार करने का प्रदर्शन भी किया गया। मंडल कृषि अधिकारी वी.डी.भवारी ने किसानों को कृषि विभाग की विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर सरपंच रविभाऊ जायसवाल, तालुका कृषि अधिकारी रचना भोसले, मंडल कृषि अधिकारी वी. डी. भवारी, कृषि पर्यवेक्षक एन. बी सावध, जी.बी. वानखेड़े, एन. पी निगुट कृषि सहायक मनोज नासरे, पी.एम. कुमरे, पी.बी. जाधव, पी.जी. देशमाने, एन. जी. मोहोद, एम. एस मिल माइल एवं किसान भाई उपस्थित थे।



# क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित

**कामठी.**

तालुका के गुमथाला ग्राम पंचायत की ओर से क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सरपंच प्रणाली डाफ ने क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पूर्व पंचायत समिति सदस्य पूनम मोहोड, उपसरपंच महेश काकडे, ग्राम विकास अधिकारी पंकज वांढरे, ग्राम पंचायत सदस्य योगेश डाफ, मनोहर आगलावे, कोमल तट्टे, आकाश डाफ, मीना डाफ, कविता डाफ, सीमा चौरे, पिंकी मोहोड, रेखा भोयर, पुलिस पाटिल प्रवीण निंबुलकर प्रमुखता से उपस्थित थे। कार्यक्रम में मार्गदर्शन करते हुए सरपंच प्रणाली डाफ ने प्रत्येक नागरिक से क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले का आदर्श रखते हुए समाज सेवा करने का अनुरोध किया। कार्यक्रम का संचालन ग्राम विकास अधिकारी पंकज वांढरे ने किया और ग्राम पंचायत सदस्य योगेश डाफ ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# स्कूल ऑफ होम साइंस के विद्यार्थियों ने देखी फिल्म छावा



## > इतिहास से जुड़ने की मिली प्रेरणा

**कामठी.**

रामकृष्ण शारदा मिशन स्कूल ऑफ होम साइंस ने विद्यार्थियों को वीर छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित प्रेरणादायक फिल्म छावा गोयल टॉकीज में दिखाई । विद्यार्थियों का एक दल शहर के गोयल थिएटर में इस फिल्म को देखने पंहुचा जहां 300 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। फिल्म के दौरान विद्यार्थियों ने छत्रपति संभाजी महाराज के राष्ट्र और संस्कृति की रक्षा के लिए किए गए बलिदान को गहराई से महसूस किया। कई छात्रों की आँखों में आँसू थे। जब उन्होंने इतिहास के उस अमानवीय अत्याचार को देखा जिसे वीर संभाजी महाराज ने सहन किया। फिल्म के अंत में सभी छात्रों ने जय भवानी, जय शिवाजी के नारों से थिएटर को गुंजायमान कर दिया। छात्रों ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि यह फिल्म हमें अपने गौरवशाली इतिहास को समझने का अवसर देती है। इतिहास के वे पहलु, जिन्हें हमसे छुपाया गया या जो पाठ्यक्रम में शामिल नहीं हैं। वे हमें इस फिल्म के माध्यम से जानने को मिले। यह युवाओं में राष्ट्रभक्ति और स्वराज्य की भावना को मजबूत करेगी।

इस अवसर पर स्कूल शिक्षिकाओं में रूपाली जैसवाल, सुचिता अंचलवार, वंदना मड़ावी, सपना गायकवाड़, प्रेरणा गौर सहित विद्यालय के कई शिक्षक-शिक्षिकाए उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल की सराहना की और विद्यार्थियों को अपने इतिहास से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। उक्त जानकारी समाजसेवक बंटी पिल्ले ने दी।

# खापरखेड़ा और भानेगांव में चोरी करने वाले आरोपी गिरफ्तार

**खापरखेड़ा.** खापरखेड़ा थाना अंतर्गत एक घर और भानेगांव में एक दवाई की दुकान में सेंधमारी की घटना को अंजाम देने वाले शातिर चोर को स्थानिक अपराध शाखा की टीम ने नागपुर से पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी से घटना में चुराए जेवरात और नगद राशि जप्त कर ली। स्थानीय अपराध शाखा ने आरोपी से जप्त माल खापरखेड़ा थाने के सुपुर्द किया गया। मिली जानकारी के अनुसार आशिक उर्फ भांजा अंसारी निवासी नागपुर आरोपी का नाम है। 22 जनवरी को खापरखेड़ा वार्ड नंबर पांच में रहनेवाले आर पी शर्मा इनके यहां चोरी की घटना सामने आई। चोरो ने उनके घर से शादी के लिए बनवाए 10 तोले सोने के जेवरात और नगद रकम चुरा ली थी। दूसरी घटना भानेगाव के श्री गणेश मेडिकल स्टोर में हुई। दुकान का शटर तोड़कर दस हजार नगद चुरा ले गए। यह दोनों चोरिया एक ही रात में आरोपी ने की थी। नागपुर शहर पुलिस ने भी आशिक को हिरासत में ले चुकी है। संदेह के आधार पर आशिक को स्थानीय अपराध शाखा नागपुर ग्रामीण की टीम ने हिरासत में लिया। कठोरता से पूछताछ करने पर खापरखेड़ा और भानेगाव में चोरी की कबूली दी। पुलिस ने आशिक की दो पहिया गाड़ी की जांच की तो गाड़ी के डिक्की से 69 ग्राम सोना और दो हजार नगद मिली। जप्त सोना खापरखेड़ा निवासी आरपी शर्मा का है जबकि नगद राशि जप्त मेडिकल स्टोर की है। स्थानीय अपराध शाखा के पुलिस निरीक्षक ओमप्रकाश कोकाटे इनके मार्गदर्शन में एपीआई किशोर शेरकी, एपीआई आशीष ठाकुर , एएसआई विनोद काले, हवालदार शैलेश यादव , इकबाल शेख, प्रमोद भोयर, संजय बरोदीया, सतीश राठौड़ चालक आशुतोष लांजेवार इन्होंने की।

# पदयात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का श्री साईबांबा मंदिर में भव्य स्वागत

**कोंढाली.**



श्री शिर्डी साई द्वारकामाई पदयात्रा सेवा समिति के तत्वावधान में प्रतिवर्ष के तरह इस वर्ष भी नागपुर (अयोध्या नगर) से शिर्डी तक भव्य पदयात्रा निकाली गई। यह आयोजन विगत 21वें वर्षो किया जा रहा है। यह पदयात्रा नागपुर(अयोध्या नगर) से प्रारंभ होकर उदय नगर, वर्धा रोड, रामदास पेठ, कैंपस, वाड़ी, दत्तवाड़ी होते हुए साई मंदिर डिफेंस के बाद10 मार्च को नागपुर मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग 06/53 के बाजारगांव के श्री साईबाबा मंदिर पहुंची.

पदयात्रा ने 11 मार्च को सुबह बाजार गांव से आगे के लिये प्रस्थान किया.पदयात्रा नागपूर से श्री क्षेत्र शिर्डी जा रही पालखी अध्यक्ष राजेश बागडे , लोकेश बोबडे, राजेंद्र लक्षणे, सुजित बारस्कर, रविंद्र देशमुख के प्रमुखता में श्री क्षेत्र शिर्डी को जा रहे पद यात्री 11मार्च को सुबह 11बजे कोंढाली समीपस्थ(मलाई फुलाई पांजरा काटे) श्री साईबाबा मंदिर पहुंचते ही यहां के श्री साईबाबा मंदिर संस्थान के बब्लू (प्रदिप ) भूरे, माधवराव सरोदे, तथा साई भक्त प्रविण खंते,प्रशांत खंते, समीर ठवळे,स्वप्निल व्यास,-तथा उपस्थित सैकड़ों भाविकों ने पदयात्रा मे शामिल पदयात्रीं पर पुष्पवृष्टी कर भव्य स्वागत किया. इस अवसर पर संस्थान पदाधिकारी , पदयात्री तथा उपस्थित सैकड़ों भाविकोंने श्री साईबाबा के दोपहर १२ बजे के मध्यान आरती की आरती में सम्मिलित सभी पदयात्री तथा उपस्थित सैकडो भाविकों के लिये महाप्रसाद की विशेष व्यवस्था भी की गई थी, सैकड़ों श्रद्धालु महाप्रसाद में सम्मिलित हुए।

कोंढाली के साईं मंदिर में उपस्थित सैकड़ों भाविक नागपुर से शिर्डी जा रहे साई भक्त पदयात्रीयों के साथ में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और पूरे उत्साह के साथ भक्ति भाव में लीन होकर साईं बाबा की महिमा का गुणगान किया। इसके बाद यह पदयात्रा दुधाला, कोंढाली पहुंची. तत्पश्चात यह पदयात्रा कोंढाली से आगे श्री क्षेत्र साई संस्थान शिर्डी के लिये प्रस्थान किया.

# सड़क चौड़ीकरण के दौरान बिजली पोल हटाने की अनदेखी पर सवाल

**कामठी.**



राज्य योजना के तहत नागपुर-कामठी रोड से भीलगांव मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य के दौरान सड़कों के किनारे लगे बिजली पोलों को बिना हटाए ही निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जहां आबादी है वहां सीसी रोड बनाई जा रही है। पोल को हटाए बिना सड़क के चौड़ीकरण को लेकर तमाम सवाल खड़े हो गए हैं। बीच सड़क में खड़े बिजली के पोल हादसे की वजह बनेंगे। उपरोक्त आरोप लगाते हुए भाजपा अल्पसंख्यक सेल कामठी तालुका अध्यक्ष अफसर खान ने कहा कि इस मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के लिए करोड़ों रुपये की धनराशि सरकार ने राज्य योजना के तहत स्वीकृत की है। चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य तेजी से चल रहा है। जिन स्थानों पर आबादी बसी है वहां सीसी रोड बनवाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि चौड़ीकरण के कारण सड़क किनारे लगे तमाम विद्युत पोल अब सड़क के अंदर ही आ गए हैं। नियमतः इन्हें सड़क से हटाकर निर्माण कार्य करना चाहिए, मगर नागपुर-कामठी रोड से भीलगांव मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य के दौरान इसे नजरअंदाज किया जा रहा है। अफसर खान ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, पालकमंत्री चंद्रशेखर बावनकुले से शिकायत कर मांग की है कि सड़क चौड़ीकरण के कार्य में मानकों की अनदेखी की जा रही है। निर्माणाधीन सीसी रोड से विद्युत पोल किनारे करवाने के बजाए उस रोड में ही जोड़ दिया गया है। ऐसे में हादसों का कारण बन सकते हैं। उन्होंने सड़क की जद में आ रहे सभी विद्युत पोलों को किनारे करने के लिए संबंधित विभाग को निर्देशित करने का अनुरोध किया है।

# अबू आजमी के बयान से शिव प्रेमियों की भावनाएं आहत

## > सावनेर शहर अध्यक्ष राजू घुगल के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को ज्ञापन



**सावनेर.**

हिंदू स्वराज के रक्षक छत्रपति संभाजी महाराज को यातनाएं देकर मारने वाले औरंग्या अबू आजमी को अपना आदर्श मानते है इससे बढ़कर कोई दुर्भाग्य की बात नहीं है। लेकिन इस विकृत विधान के लिए औरंगजेब का समर्थन करने से महाराष्ट्र के सभी शिव प्रेमियों की भावनाएं आहत हुई हैं, इसके लिए इस गद्दार नेता और एसपी विधायक अबू आजमी के खिलाफ मामला दर्ज किया जाना चाहिए और कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। साथ ही वह छत्रपति शिवाजी के स्मारक के सामने अपनी नाक रगड़कर माफी मांगें। इस आशय का एक बयान सावनेर के भाजपा शहर अध्यक्ष भीमराव घुगल के नेतृत्व में सावनेर पुलिस स्टेशन इंस्पेक्टर उमेश पाटिल के माध्यम से महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस के नाम से दिया गया है। इस अवसर पर भाजपा नेता रामराव मोवाडे, मंदार मांगले, भीमराव उर्फ राजू घुगल, तुषार उमाटे, महेश चकोले, पिंटू सातपुते, आशीष फुटाने, दिगंबर सुरतकर, शालिक मोहतुरे, बापू सुरे, राधेश्याम उलमाले, नरेंद्र ठाकुर, मिलिंद गिरडकर, हरीश महोत्कर, प्रज्वल कांबले, प्रवीण नारेकर, आशीष मानकर, महेश चकोले, सचिन सावंत मोहन कानफड़े, राजेश बोडखे, विजय लाड, छगन सोनभद्रे, प्रकाश दुबे सहित कई लोग मौजूद थे.

# रामटेक में युवा सेना पदाधिकारियों की बैठक

**वाडी.**




युवासेना प्रमुख आदित्य ठाकरे के मार्गदर्शन और युवा सेना सचिव, विधायक वरुण सरदेसाई के आदेशानुसार,वाडी के युवा सेना कार्यकारिणी सदस्य हर्षल काकडे के नेतृत्व में पूर्व विदर्भ के नागपुर और रामटेक लोकसभा क्षेत्र के युवा सेना पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। यह बैठक रवी भवन में संपन्न हुई, जिसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक में युवा सेना की ओर से हर जिले में बारहवीं उत्तीर्ण छात्रों के लिए नीट, जेईई और लॉ सीईटी मॉक टेस्ट मुफ्त उपलब्ध कराने की घोषणा की गई। इस योजना के तहत अधिक से अधिक छात्रों को लाभ पहुंचाने और उन्हें सही मार्गदर्शन देने पर विशेष चर्चा की गई।

इस दौरान भारतीय जनता युवा मोर्चा के शहर मंत्री प्रवीण अहिरराव और शिवसेना छोड़कर भाजपा में गए पंकज अहिरराव ने पुनः शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) पार्टी में घर वापसी की। हर्षल काकडे ने उन्हें शिवसेना का भगवा दुपट्टा पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। बैठक में युवासेना सहसचिव जयसिंह राजे भोसले, युवा सेना विभागीय सचिव अपूर्वा पीठलवार, वर्धा जिला विस्तारक विक्रम राठौड़, चंद्रपुर जिला विस्तारक संदीप रियाल (पटेल), गडचिरोली जिला विस्तारक शुभम सोरते, भंडारा जिला विस्तारक अक्षय मेश्राम, रामटेक लोकसभा समन्वयक आशीष मनपिया, नागपुर शहर प्रमुख आशीष हाडके, जिल्हा समन्वयक अब्बास अली, गुलशन ग्वालानी, उप जिला प्रमुख अखिल पोहनकर, प्रफुल कापसे, लखन राऊत, बंटी पंडेल और अविनाश लोखंडे सहित कई अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।बैठक में नागपुर, रामटेक, भंडारा, वर्धा, चंद्रपुर और गड़चिरोली लोकसभा क्षेत्र के पदाधिकारियों ने भाग लिया और युवा सेना के आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की।

# दक्षता समिति ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया

**नागपुर.**



उत्तर नागपुर में सामाजिक शैक्षणिक एवं स्वास्थ्य क्षेत्र में सेवारत नागरिक दक्षता समिती ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिन धूमधाम से मनाया। कार्यक्षम में मुख्य अतिथि के रूप में ज़िला क्रीड़ा अधिकारी पल्लवी धात्रक, पुलिस अधिकारी धनश्री सोनवने, मंगला वाडके, गर्ल्स स्कूल की प्राचार्या संगीता दलवाना उपस्थित रही। कार्यक्रम का प्रारंभ दीपप्रज्वलन एवम् डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा को माल्यार्पण के साथ हुआ। संयोजक जी बंडोपंत टेंभुर्णे, संस्था अध्यक्ष वामनराव साखरे, महासचिव डॉ. राजकुमार खियानी के मार्गदर्शन में विविध कार्यक्रम के साथ सुमधुर संगीत कार्यक्रम पेश किया गया। कार्यक्रम दौरान संस्था अध्यक्ष वामनराव साखरे का 85 वां जन्मदिन भी मनाया। संस्था के सभी सदस्यों ने पुष्पगुच्छ प्रदान कर भविष्य की शुभकामनाएं दी। तत्पश्चात सहभोजन का आनंद लिया। कार्यक्रम में 200 महिला सदस्य एवं पुरुष उपस्थित हुए। मंच संचालन सचिव वीणा दरवाडे एवं तो आभार प्रदर्शन सचिव ज्योती लिंगायत ने व्यक्त किया। कार्यक्रम के उपाध्यक्ष सिंधुताई वाघमारे, अर्जुनलाल मेश्राम, सुवर्णा पोहणे, स्वर्णा शहारे, एड. नीता सहारे, विद्या वालदे, सुजाता वासनिक, शेवंता शेंडे, शोभा मेश्राम, नंदा शंभरकर, रत्नमाला फुलझेले, वासुदेव जामुडकर, सुरेन्द्र रामटेके, राजू कोटांगले, ओकारसिंग बघेल, विनायक नंदेश्वर, श्रीधर पेंदाम, गौतम अंबारे, रमेश शंभरकर, सचिव दीक्षित अंबाडे, कोषाध्यक्ष भास्कर मेश्राम, संजय लिंगायत, संजय चहांदे आदि सदस्यों में अपना अमूल्य योगदान दिया।

# प्रा. डॉ. विहीरकर को 'बेस्ट अकादेमिशियन ऑफ द ईयर' राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित




**हिंगनघाट.** स्थानीय आर.एस. बिडकर कला, वाणिज्य, विज्ञान महाविद्यालय हिंगनघाट के इंग्रजी विभाग के प्राध्यापक डॉ.शरद विहीरकर को बेस्ट अँक्डीमिसीयन ऑफ द इयर या पुरस्कार से सम्मानित किया गया। श्री जी फाउंडेशन इंडिया और सोसायटी फॉर टेक्नॉलॉजीकल अँडव्हान्स मटेरियल ऑफ इंडिया द्वारे डॉ.चंद्रहास हांडा डायरेक्टर व्ही आय टी, डॉ. अजय लाड डायरेक्टर आय आय एल संत गाडगेबाबा विघापीठ अमरावती, डॉ. हरीश मोहिते अध्यक्ष श्री जी फाउंडेशन, प्राचार्य डॉ.के. जी.रेवतकर,सचिव स्टॉमी प्राचार्य देवाशीष भौमिक नागपुर के हस्ते सन्मानित किया गया।

प्रा.डॉ.शरद विहीरकर अत्यंत विद्यार्थी प्रिय प्राध्यापक होने के साथ उन्होंने अब तक 25 रिसर्च पेपर,तीन चाप्टर इन बुक,दो किताबें और अन्य साहित्य प्रकाशित किए है। उन्होंने अनेक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय परिषद में भाग लेकर यूजीसी नवी दिल्ली के सौजन्य से मायनर रिसर्च प्रोजेक्ट पूर्ण किया। उन्होंने महाविद्यालय के लाइफ लॉग लर्निंग और विस्तार विभाग के प्रोग्राम ऑफीसर के तौर पर भी कार्य किया। अब वे आय क्यू ए सी समन्वयक के तौर पर कार्य कर रहे है। वर्तमान में वे राष्ट्रसंत नागपूर विद्यापीठ नागपुर में लँग्वेजेस इन कॉमर्स बोर्ड के सदस्य है। उनके इस शैक्षणिक कार्य की दखल लेकर उन्हें इस पुरस्कार से गौरवनित किया गया।

उनके सम्मान पर ग्रामीण विकास संस्था अध्यक्षा डॉ. उषाकिरण थुटे, प्राचार्य डी.व्ही.नाई, प्राचार्य डॉ.बी. एम.राजुरकर आधार फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष श्री.अतुलभाऊ वांदिले, प्रा. डॉ. विनोद मुडे, प्रा. डॉ.विजय झाडे, डॉ गिरीधर काचोले, डॉ. कमलकिशोर इंगोले, डॉ. बलराज अवचट, डॉ अनिल बाभले, डॉ.गजानन ठक, डॉ.श्रीकृष्ण बोढे, डॉ.अरविंद सोमनाथे, डॉ.कमलाकर नवघरे, प्रा. विनोद पुनवटकर, प्रा. प्रमोद वानखेडे डॉ.मिलींद तेलंग, प्रा.विकास बेले, डॉ.रमेश भगत, प्रा.रविन्द्र महाकाले, डॉ. जया जॉन डॉ.जयंत शेंडे, प्रा. डॉ.किशोर भूते, प्रा.डॉ. ज्योत्सना जुमड़े, प्रा. डॉ. श्रुती घरडे, सभी मित्र परिवार साथ ही आधार फाउंडेशन के सदस्यों ने अभिनंदन का वर्षाव किया।



## सेवार्थ हॉस्पिटल में डॉ. निकिता गिंदेवार सहित नारी शक्ति का सम्मान

**हिंगनघाट.** 8 मार्च जागतिक महिला दिन ये महिलाओं के संघर्ष, त्याग और उनके कर्तृत्व का गौरव करने के लिए मनाया जाता है। मां, बहन पत्नी,लड़की,दोस्त, ऐसे असंख्य भूमिका से अन्य का जिवन समृद्ध करने वाली स्त्री सिर्फ घर की चौकट में ही मर्यादित न रहते शिक्षण, विज्ञान, क्रीडा, व्यवसाय प्रशासन, ऐसे विविध क्षेत्र में सफलता पूर्वक अपनी वर्चस्व जता रही है। स्त्री मतलब समर्पण, उदारता, शालीनता,और नम्रता,आज 21 की सदी में स्त्री स्वतंत्र हुई है। लेकिन अनेक जगह स्वातंत्र्य का दुरुपयोग होकर स्वैराचार किये जाने की बात दिखाई दे रही है।जिस वजह से स्वातंत्र्य समाज के लिए यह शाप न बन जाए। कारण अपने भारतीय संस्कृती को भ्रष्ट करने के कई कारनामे भी समाज में हो रहे है। स्त्री मतलब सौंदर्य, सौंदर्य को चरित्र्य और शिक्षण की साथ मिली तो वो उत्तम होती है। और उसमें से पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होळकर, राजमाता जिजाऊ,सावित्रीबाई फुले सरखी कर्तृत्ववान और विश्व गौरव स्त्री का निर्माण होकर वे इतिहास के पन्ने में सुवर्ण अक्षर से लिखी जाती है।




## विदर्भ की महिलाओं का महाराष्ट्र सदन में सम्मान

### >अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष आयोजन

**हिंगनघाट.**

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में दिल्ली के महाराष्ट्र सदन में 9 मार्च 2025 को नारी शक्ति सम्मान आयोजित किया गया. जिसमें कमला गवई पूर्व महिला राज्यपाल को जीवन गौरव पुरस्कार दिया गया. इस कार्यक्रम में विदर्भ के करीब 55 महिला और पुरुषों को सम्मानित किया गया.कार्यक्रम में केंद्रीय सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण मंत्री रामदास आठवले और राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्षा विजया रहाटकर प्रमुख अतिथि के रूप में उपस्थित थे। हिंगनघाट से प्राध्यापक माया मिहानी,अमरावती से डॉक्टर रोमा बजाज और अन्य सामाजिक कार्यकर्ता महिला और पुरुषों को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मंत्री रामदास आठवले ने कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है और उत्कृष्ट कार्य कर रही है उनका सम्मान करना जरूरी है और उनका सहयोग देने वाले पुरुषों का भी सम्मान करना चाहिए। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने भी महिलाओं के कार्यों की सराहना की और उनको आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में कुछ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए थे जिसमें क्लासिकल नृत्य, फैशन शो और प्रिंसेस ऑफ इंडिया कार्यक्रम हुए जिसके कारण कार्यक्रम बहुत सुंदर ढंग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ ।

इस पूरे कार्यक्रम का सफल आयोजन डॉक्टर मनीष गवई जो कि रामदास आठवले जी के पी.ए. हैं, ने किया था। उनकी टीम जिसमें अमरावती के डेटाराम मनोजा ने सहयोग किया।

## शास्त्री सोशल फोरम ने फौजिया खान को किया सम्मानित

**वर्धा.** आज के छात्र अपनी शिक्षा के साथ-साथ आधुनिक तकनीक सीखने के लिए भी उत्सुक रहते हैं। दिन-ब-दिन आगे बढ़ती विज्ञान और प्रौद्योगिकी छात्रों को शिक्षा के नए रास्ते प्रदान कर रही है। अखिल भारतीय शास्त्री सोशल फोरम के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इमरान राही ने भावना व्यक्त करते हुए कहा कि प्रतिस्पर्धा के इस युग में शिक्षा के साथ-साथ साहित्य, कला और खेल में भी पारंगत होना चाहिए।वह अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर सिद्धार्थ नगर स्थित आवास पर आयोजित कार्यक्रम में फौजिया खान की सराहना करते हुए बोल रहे थे। इस अवसर पर मंच के पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष विजय नखले, सिहान उल्हास वाघ, राजेश धोपटे, श्रीकांत पवार, धनंजय खेडकर, नामदेव अखाड उपस्थित थे.वर्धा की छात्रा कु फौजिया खान, जिन्होंने हाल ही में अपनी कॉलेज की शिक्षा शुरू की है, ने एक लघु फिल्म बनाई है और नागपुर में विदर्भ स्तर की प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार जीतकर कई लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया है। तथा कविता प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार और पोस्टर प्रतियोगिता में तीसरा पुरस्कार हासिल किया है । वह जीएस कॉलेज ऑफ कॉमर्स की प्रथम वर्ष की छात्रा है।उनके उल्लेखनीय प्रदर्शन को अखिल भारतीय शास्त्री सोशल फोरम ने सम्मानित किया और कॉलेज के शिक्षकों ने भी उन्हें सम्मानित किया। वह अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजन और बहन कु. फिजा को देती हैं।





## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला सुरक्षा पर विशेष मार्गदर्शन

**वडनेर.**

श्री साईबाबा लोक प्रबोधन कला, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, वडनेर में' अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' के अवसर पर 'महिला सम्मान शिकायत निवारण समिति एवं कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम समिति' द्वारा 'महिला सुरक्षा पर विशेष मार्गदर्शन' का आयोजन किया गया।कार्यशाला की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. सारिका चौधरी, मार्गदर्शक नीता पांगुळ, निदेशक, आशा बहुउद्देशीय शैक्षणिक संस्थान, वर्धा, मुख्य अतिथि डॉ. विनोद मुडे, युवा सांसद हर्ष उबाले, करुणा दाभणे बहुउद्देशीय विकास संगठन की अध्यक्षा, डॉ. विठ्ठल घिनमिने समन्वयक प्रा आरती. देशमुख की उपस्थिति में संपन्न हुआ. महिला दिवस के महत्व, महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, स्वावलंबन और महिला सुरक्षा के उपायों पर चर्चा की गई। मार्गदर्शक नीता पांगुळ ने बताया कि महिला सशक्तिकरण सामाजिक परिवर्तन का सच्चा सार है और उन्होंने छात्राओं को सफल करियर के लिए शिक्षा और सुरक्षा की भावना के महत्व के बारे में बताया। प्राचार्य डॉ. सारिका चौधरी ने अपने प्रेरक भाषण में कहा,"नारी शक्ति केवल उपलब्धि की मान्यता नहीं है, बल्कि रचनात्मकता का अमूल्य खजाना है।" उन्होंने छात्राओं में आत्मविश्वास और नारी शक्ति की भावना पैदा करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

डॉ. विनोद मुडे, हर्ष उबाळे और करुणा दाभणे के उचित मार्गदर्शन में छात्राओं को महिला अधिकार, सशक्तिकरण और सुरक्षा के बारे में जानकारी प्रदान की गई, जिससे छात्राओं में महिला सुरक्षा के बारे में अधिक जागरूकता पैदा हुई। इस वक्त डॉ. विठ्ठल घिनमीने ने कहा "नारी शक्ति क्रांति की ज्वाला है, यह एक उज्ज्वल प्रकाश है! इस कविता से प्रेरित किया. प्रा आरती देशमुख, गृह अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष, ने सूत्रसंचालन किया डॉ. नितेश तेलहांडे और डॉ. संजय दिवेकर ने आभार व्यक्त किया।डॉ। डॉ. प्रवीण करंजकर गणेश बहडे, डॉ. नरेश भोयर, प्रीति सायंकर, विजयलक्ष्मी जरांडे, प्राध्यापक, गैर-शिक्षण कर्मचारी और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।




## वीरा वॉरियर्स ग्रुप द्वारे जागतिक महिला दिन मनाया गया

**हिंगनघाट.** हर साल की तरह इस साल भी वीरा वॉरियर्स ग्रुपने जागतिक महिला दिन मनाया. डॉ. बी आर आंबेडकर विद्यालय में अलग अलग प्रशिक्षण द्वारें इस दिन को मनाया गया। महिला दिन प्रसंग पर 10 दिवसीय आत्म स्व रक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में महिलाओं को शरीर का पुर्ण व्यायाम, तायक्वांडो इस खेल प्रशिक्षण साथ ही खुद का स्व रक्षण कैसे करे, इस पर प्रशिक्षण दिया गया। इस शिविर में 30 महिलाओं का समावेश था। महिला साल के पूरे दिन खुद के काम में व्यस्त रहती है। तो उन्हें खुद के लिए इस दिन कुछ अलग करना चाहिए, इसको ध्यान में लेकर उन्हें अलग अलग खेल का प्रशिक्षण दिया गया। और इस से उनमें एक अलग उत्साह निर्माण करने का प्रयास किया गया। यहां कुछ मनोरंजक खेल की स्पर्धा भी ली गई। इसमें प्रथम क्रमांक नंदिनी ठोमरे, द्वितीय क्रमांक दुर्गा सहारे तो तृतीय क्रमांक प्रज्ञा वाघमारे ने प्राप्त कीया। उन्हें सन्मान चिन्ह देकर उनका सत्कार किया गया। इस खेल में सहभागी हुए अन्य महिलाओं को भी गृप द्वारे सन्मान चिन्ह देकर सत्कार किया गया।

कार्यक्रम सुत्र संचालन रुचिका वानखेडे ने किया और आभार कशिश खैरे ने माने।

## महाराष्ट्र को विकसित करनेवाला अर्थसंकल्प-सुनील गफाट



**वर्धा.** राज्य के अर्थमंत्री अजित पवार ने प्रस्तुत किया अर्थसंकल्प महाराष्ट्र को विकसित करनेवाला है.अर्थसंकल्प में किसानों का उत्पन्न बढाना, खेती उत्पादन में मूल्यवर्धन, सिंचन सुविधा,बिजली की मांग पूर्ण करने के लिए सौर ऊर्जा आदी सुविधा उपलब्ध की जाएगी. तथा खेती,खेती पूरक क्षेत्र, व्यवसाय, उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य, पायाभूत सुविधा व पर्यटन क्षेत्र के लिए तरतूद की गयी है. यह क्षेत्र के विकास से राज्य प्रगति की दिशा की ओर जा रहा है. अर्थसंकल्प में वर्धा जिले के विकास को चालना देने के साथ नागरिकों को सुविधा उपलब्ध कर देने पर जोर दिया गया है.महाराष्ट्र शक्तीपीठ महामार्ग के लिए अर्थसंकल्प में 86 हजार 300 करोड़ रुपए की तरतूद की गयी है.भूसंपादन की कार्यवाही प्रगति पथ पर है. इस शक्तीपीठ से वर्धा जिले के विकास को चालना मिलेगी.वैनगंगा-नलगंगा नदीजोड प्रकल्प को तत्वत: मान्यता देने से जिले के सिंचन क्षमता में बडी प्रगती होगी.वर्धा जिले के आर्वी तालुका में वरिष्ठ स्तर न्यायालय की स्थापना की गयी है.अर्थसंकल्प में जिले की योजना के लिए विशेष तरतूद की गयी है.इसके साथ अर्थ संकल्प में सादर अन्य विविध योजना व विकास काम का जिले को लाभ मिलेगा. इसमें मुख्यत:: रास्ते विकास, खेती विषयक योजना, अनुसूचित जाती उपयोजना, आदिवासी विकास योजना, पर्यटन विकास, महिला विकास आदि योजना का समावेश है,राज्य के अर्थमंत्री अजित पवार ने प्रस्तुत किया अर्थसंकल्प महाराष्ट्र को विकसित करने वाला है,ऐसी प्रतिक्रिया सुनील गफाट भाजपा जिलाध्यक्ष वर्धा ने दी है.

## सोने का मंगलसूत्र चोरी करनेवाली दो महिला गिरफ्तार

**वर्धा.** फिर्यादी वैशाली विजय रघाटाटे नि.एकुर्ली तालुका, जिला वर्धा बस स्थानक से एकुर्ली की तरफ जाते समय लोगों की भीड़ का फायदा उठाकर फिर्यादी के गले से सोने का मंगलसूत्र किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया.इसकी शिकायत वर्धा पुलिस स्टेशन में दर्ज की.सदर अपराध की समांतर जांच स्थानीय अपराध शाखा वर्धा कर रही थी. तभी मुखबिर से जानकारी मिली की सुनार लाइन वर्धा में दो महिला सोना बेचने के लिए घूम रही है. ऐसे जानकारी के तहत राधिका शुभम पवार (उम्र २३) नि. सुदर्शन व विधी संघर्षित बालीका के पास से दो छोटे सोने के पदक, सोने के चार बड़े मणी व छोटे सोने के मणी 24 ऐसा कुल 3 ग्राम सोने का मंगलसुत्र ऐसा कुल 35,000/- रुपये का मुद्देमाल जब्त किया गया.यह कार्रवाई अनुराग जैन, पुलिस अधीक्षक वर्धा,डॉ. सागर कवडे,अप्पर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में पुलिस निरीक्षक विनोद चौधरी, पो.उप नि. सलाम कुरैशी, सचिन इंगोले, प्रमोद पिसे , रामकिशन इप्पर, अरविंद इंगोले, राहुल अधवाल, महिला पोलीस पल्लवी बोबडे सभी स्थानीय अपराध शाखा, वर्धा ने की है.



## सांसद अमर काळे ने शुभ- स्वस्तिक कार्यालय को भेंट दी

**वर्धा.** गणेश नगर में आयोजित महिला दिवस के कार्यक्रम में सांसद अमर काले ने माँ वैष्णवी सेलिब्रेशन के पास स्थित शुभ-स्वस्तिक कार्यालय का दौरा किया। इस मौके पर संपादक हिम्मत कुमार व्यास और मंजू व्यास ने उन्हें गुलदस्ता देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद थे। इस अवसर पर हिम्मत कुमार व्यास ने सांसद से निवेदन किया कि वे अपंग व्यक्ति के लिए उनके कोटे से एक रिक्षा दिलवाने का प्रयास करें। सांसद ने इस निवेदन को सहर्ष स्वीकार किया।



## ग्रामीण महिलाओं को प्रोत्साहन देना जरूरी: मोहन अग्रवाल

### > एनसीसी व चिकणी ग्राम की पहल

**चिकणी.**

आज महिला सभी क्षेत्र में अग्रेसर है.पर आज भी ग्रामीण महिला यह बहुत पीछे है.इसीलिए ग्रामीण महिलाओं को प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है, ऐसा प्रतिपादन ज्येष्ठ समाजसेवक व उद्योजक मोहन अग्रवाल ने चिकणी ग्राम पंचायत परिसर में आयोजित एस. एस्र एन. जे.महाविद्यालय के एनसीसी विभाग व चिकणी ग्राम पंचायत की संयुक्त रूप से आयोजित गौरवशाली महिलाओं का सत्कार इस कार्यक्रम में बोलते समय किया.

कार्यक्रम के अध्यक्ष स्थान पर उद्योजक मोहन अग्रवाल के प्रमुख अतिथी प्रसिद्ध शायर तथा कवी इमरान राही, एन.सी.सी.अधिकारी कैप्टन मोहन गुजरकर, सरपंच अमोल आखूड, उपसरपंच कल्पना डायरे, प्रहार के सचिव संतोष तुरक, पत्रकार गणेश शेंडे, अविनाश बिरे,सदस्य आरती डायरे व नंदा चिचाम उपस्थित थे.

इस प्रसंग पर स्वयं सहायता महिला समूह इस बचत गुट को तथा चिकणी ग्राम के युवतियों का स्मृतिचिन्ह व गुलदस्ता देकर स्वागत किया.इमरान राही ने कहा कि, समाज की प्रगति करने के लिए महिलाओं को आगे लाना जरूरी है. कैप्टन मोहन गुजरकर ने कहा कि, समाज में स्त्रियों पर हो रहा अन्याय खत्म करने के लिए सुजाण स्त्रियां पहल करें.कार्यक्रम का सूत्र संचालन चिकणी ग्राम युवा मंडल अध्यक्ष भाविक आखूड व माहेश्वरी इंगोले ने किया.आभार अविनाश बिरे ने ग्यापित किये.

# मुर्गीपालन से बढ़ी नागरिकों की स्वास्थ्य समस्याएं

### > एनसीपी प्रदेश महासचिव ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**समुद्रपुर.**



चिखली (उमरी) में पोल्ट्री फार्म होने के कारण ग्रामीणों को कई स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। एनसीपी के अतुल वांदिले के नेतृत्व में उमरी गांव के नागरिकों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर मुर्गी पालन की अनुमति रद्द करने की मांग की।ग्राम पंचायत चिखली के अंतर्गत मौजा उमरी में पोल्ट्री फार्म है और उत्पादन भी हो रहा है। चूंकि यह पोल्ट्री शेड गांव से सटा हुआ है, इसलिए आसपास के गांवों के नागरिकों को भारी मात्रा में दुर्गंध का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का स्वास्थ्य बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

इस अवसर पर राकांपा शरद चंद्र पवार पार्टी के समुद्रपुर तालुका अध्यक्ष महेश झोटिंग पाटिल, समुद्रपुर शहर अध्यक्ष मधुकर कामड़ी, जिला महासचिव दशरथ ठाकरे, जिला महासचिव गजानन शेंडे, गणेश वैरागड़े, कोरा सरपंच वैशाली लोखंडे, सरपंच प्रफुल उसरे, ईश्वर पोफले, उमरी उपसरपंच विठ्ठल नन्नावरे, ग्रा. सदस्य मेघाताई कुमरे, सदस्य रंजना कानमोड़े, सदस्य सविता उइके, युवा तालुका अध्यक्ष तुषार थूटे, अतुल चौधरी, सोहम शेंडे, जिला सचिव सोनू मेश्राम, युवा शहर अध्यक्ष शक्ति गेडाम, रोशन थुटे, सुरेश भगत, विनोद बाभुळकर, श्रवण महाजन, राजू गव्हाणे, मनोज देवतले, प्रतीक गणवीर आदि उपस्थित थे।

### मुर्गी पालन के कारण गांव में स्वास्थ्य और कृषि समस्याएं

मुर्गी पालन (पोल्ट्री फार्म) के कारण आसपास के क्षेत्र के किसान खेती करने में असमर्थ हैं। मुर्गी पालन से उत्पन्न बदबू के कारण बुजुर्ग और बच्चे बीमार पड़ रहे हैं। इनके लिए कौन जिम्मेदार है? इसलिए मुर्गी पालन की अनुमति तत्काल रद्द की जानी चाहिए। अन्यथा पूरे गांव के ग्रामीण सड़कों पर उतरकर उग्र रुख अपनाएंगे और बड़े पैमाने पर आंदोलन करेंगे। जो भी परिणाम आएंगे, इसके लिए पूरी तरह से शासन/प्रशासन जिम्मेदार होगा। क्षेत्रीय महासचिव अतुल वांदिले के नेतृत्व में उमरी गांव के नागरिकों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

## पांदन सड़कों, सिंचाई और महंगाई के लिए कोई समाधान नहीं

### >सांसद अमर काले का बजट पर बयान



**वर्धा.**भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव के दौरान घोषणापत्र में किसानों को ऋण माफी पाने का वादा किया था। लेकिन बजट की घोषणा करते हुए, वित्त मंत्री ने किसानों के ऋण छूट का भी उल्लेख नहीं किया। इसलिए, सरकार ने किसानों के मुंह को पत्तियां पोंछने का काम किया है। पांदन सड़कों, सिंचाई, फसल की गारंटी, महंगाई के लिए कोई समाधान नहीं है।

चुनाव में, प्रिय बहनों को 2100 रुपये दिये जाने की घोषणा की गई थी। लेकिन बजट में, सरकार द्वारा केवल 1500 रुपये दे रही हैं। इस बजट में बेरोजगारी का कोई समाधान नहीं है।

शक्ति पीठ मार्ग की घोषणा की गई थी लेकिन समृद्धि राजमार्ग ने अभी तक किसानों की समस्याओं को हल नहीं किया है। विदर्भ को ध्यान में रखते हुए, मुख्यमंत्री ने कुछ जिलों पर ध्यान केंद्रित किया है।केंद्रीय बजट की तरह यह बजट भी काम कम और घोषणा ज्यादा है। इसलिए, यह बजट आम जनता के लिए निराशाजनक लगता है,ऐसी प्रतिक्रिया सांसद अमर काले ने दी है.

# कलमना पुलिस स्टेशन में शांति समिति की बैठक आयोजित

> रमजान और होली पर शांति बनाए रखने पर जोर

**नागपुर.**

आगामी रमजान और होली के त्योहारों को देखते हुए कलमना पुलिस स्टेशन में एक शांति समिति बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का नेतृत्व पुलिस उपायुक्त निकेतन कदम और सहायक पुलिस आयुक्त विशाल क्षीरसागर के मार्गदर्शन में वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक प्रविण काळे ने किया।

बैठक में शांति समिति के सदस्यों ने त्योहारों के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए विभिन्न सुझाव दिए। विशेष रूप से मस्जिदों और मंदिरों के पास पुलिस बंदोबस्त बढ़ाने तथा प्रमुख चौकों पर नाका बंदी करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। समिति के सदस्यों ने कहा कि रमजान और होली भाईचारे और एकता के प्रतीक हैं, और किसी भी असामाजिक तत्व को समाज की एकता भंग करने का मौका नहीं मिलना चाहिए। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक प्रविण काळे ने बैठक में बताया कि पुलिस प्रशासन किसी भी आपराधिक गतिविधि से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। अपराधियों की सूची पहले ही तैयार कर ली गई है, और होली से पहले ही उन्हें गिरफ्तार कर कारागृह भेजने की योजना बनाई गई है। उन्होंने नागरिकों से भी शांति बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की।

इस बैठक में गरीब नवाज खिदमत कमेटी की मुख्य संयोजक शायदा बेगम अहमद खान, माजी नगरसेवक सेषराव घोतमारे, मोहम्मद ताहिर रजा, ईश्वर कावरे, अनिल गेंडरे, फूलमती सिव्हारे, दुर्गा वाट, मंगला राणे, मुजीब सिद्दीकी, मुन्त भांडरकर, दुर्गा बूटके, नीना काटोले समेत कई वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे। इस सभा का आयोजन हेड कांस्टेबल हरमेश परमार और कांस्टेबल विनय इन्वते द्वारा किया गया।

# नागपुर मेट्रो को 150 करोड़ मिले, फेज 2 का विकास

> बजट में उपराजधानी को सौगात

**नागपुर.**



सोमवार को पेश राज्य के बजट में नागपुर मेट्रो को 150 करोड़ की राशि मिली है। इससे मेट्रो के फेज 2 का विकास किया जाने वाला है। मिली राशि के आधार पर फेज 2 के काम को तेजी मिलने के साथ ही जल्द ही शहर से ग्रामीण मेट्रो जुड़ने का सपना साकार होने की बात कही जा सकती है।

वर्षों पहले नागपुर शहर में लोकल परिवहन व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए मेट्रो की घोषणा हुई थी। वर्तमान में नागपुर में मेट्रो की ऑरेंज व एक्वा लाइन पर मेट्रो चलाई जाती है, जिसका मुख्य स्टेशन बर्डी इंटरचेंज है। यहां से एक ओर खापरी, दूसरी ओर ऑटोमोटिव चौक, तीसरी ओर लोकमान्य नगर व चौथी ओर प्रजापति नगर तक ट्रेनें कुल 48 किमी चलती हैं।

इस लाइन से शहर के भीतर यात्रियों को बहुत आसानी से परिवहन करना संभव हो रहा है। लेकिन अभी भी ग्रामीण क्षेत्र से आने वालों को पुरानी व्यवस्था पर ही निर्भर रहना पड़ रहा है। ऐसे में फेज 2 की घोषणा की गई है, जिसका काम भी शुरू हो गया है। इसमे शहर की मेट्रो लाइन को ग्रामीण से जोड़ा जाने वाला है। सोमवार को हुए राज्य सरकार के बजट में नागपुर मेट्रो के लिए 150 करोड़ की राशि घोषित की गई है। वहीं पुणे मेट्रो के लिए 100 करोड़ की घोषणा की गई है।

## 32 मेट्रो स्टेशन शामिल हैं

इस तरह होगा नागपुर मेट्रो फेज-II का विस्तार फेज-II में कुल 43.8 किमी के विस्तार के साथ 32 मेट्रो स्टेशन शामिल हैं। यह टर्मिनल नागपुर शहर के बाहरी और ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ेगा। इसका भूमिपूजन और फेज-I का उद्घाटन 11 दिसंबर 2022 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था।



# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर लायंस क्लब ऑफ नागपुर ऑरेंज सिटी का सराहनीय प्रयास

**नागपुर.**

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर लायंस क्लब ऑफ नागपुर ऑरेंज सिटी ने नगर निगम की महिला स्वच्छता दूतों का सम्मान किया। इस कार्यक्रम के तहत सीताबर्डी क्षेत्र की 30 महिलाओं को साड़ी भेंट कर उनके परिश्रम को मान्यता दी गई। इस आयोजन में क्लब के अध्यक्ष पिंटू मेहाडिया, सचिव परेश इटकेलवार, पूनम मेहाडिया, सतीश खरे, कृष्णा पांडेय, विलास मंडारे, प्रीति यादव, सारंगपुरिया, पूनम मोहबे, प्रकाश माहुले, अजय मुंजे और स्वास्थ्य अधिकारी जाधव उपस्थित थे। कार्यक्रम में मौजूद गणमान्य व्यक्तियों ने महिला स्वच्छता कर्मियों के योगदान की सराहना की और इस सामाजिक पहल को प्रेरणादायक बताया।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर एक्टर-मॉडल प्रीति शर्मा का सशक्त संदेश

**नई दिल्ली.** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस हर साल 8 मार्च को विश्व भर में धूमधाम से मनाया जाता है। यह दिन महिलाओं के सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक योगदान को सम्मानित करने के साथ-साथ उनके अधिकारों की रक्षा, समानता और सशक्तिकरण के लिए जागरूकता फैलाने का भी महत्वपूर्ण अवसर होता है।



इसी कड़ी में उत्तर प्रदेश के गोरखपुर-कुशीनगर की रहने वाली इंटरनेशनल सुपर मॉडल, एक्टर और दीप्ति फिल्म प्रोडक्शन्स की डायरेक्टर प्रीति शर्मा ने भी सोशल मीडिया के जरिए देश-विदेश की सभी महिलाओं को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। मॉडल और एक्टर प्रीति शर्मा ने अपने संदेश में कहा, "आज की महिलाएं चांद तक पहुंच चुकी हैं और पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। राजनीति से लेकर अंतरराष्ट्रीय मंचों तक, वे न केवल अपना बल्कि अपने परिवार और देश का भी नाम रोशन कर रही हैं। हालांकि, प्रीति शर्मा ने यह भी कहा कि जहां एक ओर महिलाएं सशक्त हो रही हैं, वहीं कुछ दरिंदे मानसिकता वाले लोग समाज में अभी भी मौजूद हैं, जो महिलाओं को कमजोर करने और आगे बढ़ने से रोकने की कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा, "हमें और अधिक सशक्त होने की जरूरत है ताकि ऐसे दरिंदों को मुंहतोड़ जवाब दिया जा सके। जब हमारी बेटियां और महिलाएं पूरी तरह मजबूत और आत्मनिर्भर होंगी, तो कोई भी शक्ति उन्हें आगे बढ़ने से रोक नहीं पाएगी। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रीति शर्मा ने सभी महिलाओं और बेटियों से अपील की कि वे अपने हक और सम्मान के लिए हमेशा तैयार रहें और खुद को मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत बनाएं, ताकि वे हर चुनौती का सामना कर सकें। उन्होंने अपने संदेश के अंत में कहा, "इस खास दिन पर मैं सभी देश की महिलाओं को बधाई देती हूं और यह संदेश देना चाहती हूं कि हम महिलाओं को अपने हक और सुरक्षा के लिए हर कदम पर सतर्क और सशक्त रहना होगा, तभी हम एक सुरक्षित और बराबरी वाले समाज का निर्माण कर सकेंगे।



होली की मस्ती, रंगों की बहार – सौंसर में सजी खुशियों की बाजार

# ग्राम पंचायत खैरी बीजेवाड़ा ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया

रामटेक. ग्राम पंचायत खैरी बीजेवाड़ा की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिलाओं के सम्मान में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान मनोरंजक कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम पंचायत क्षेत्र की अनेक महिलाएं उत्साहपूर्वक शामिल हुईं।

कार्यक्रम की शुरुआत क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले, माता रमाई, राष्ट्रमाता माँ जिजाऊ और झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर की गई। इसके बाद मुख्य अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त कर महिलाओं को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर ग्राम पंचायत खैरी बीजेवाड़ा के पूर्व सरपंच और सदस्यों का शाल एवं श्रीफल देकर सम्मान किया गया। इनमें शकुंतला साखरे, वच्छला पंधराम, पंचशीला खोब्रागडे, सौ. चंद्रकांता खोब्रागडे, वनिता मेश्राम और अन्य पूर्व पदाधिकारियों का सत्कार किया गया। हाल ही में मातृका फाउंडेशन द्वारा आयोजित जिला स्तरीय महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में खैरी बीजेवाड़ा ग्राम पंचायत की महिला टीम ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया था। इस उपलब्धि के लिए कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों ने महिला खिलाड़ियों का विशेष सत्कार कर उन्हें शुभकामनाएँ दीं। इसके बाद महिलाओं के लिए विभिन्न मनोरंजक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें विजेता महिलाओं को पुरस्कार वितरित किए गए। इस आयोजन में ग्राम पंचायत खैरी बीजेवाड़ा के सरपंच रणवीर यादव का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के सफल संचालन में ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, सदस्य और कर्मचारियों ने अहम भूमिका निभाई।

कार्यक्रम का संचालन सौ. लक्ष्मी राजकुमार खोब्रागडे ने किया। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शिवानी गुंडावर, कल्पना खोब्रागडे, प्रविणा सहारे, उर्वशी मेश्राम, संघमित्रा आंबादे, प्रीति चवरे, सौ. रीना मेश्राम, अमिता पाटील, ज्योति मेश्राम, प्रीति मोहरले, स्नेहा ठाकरे और अन्य महिलाओं ने अथक परिश्रम किया। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन जया चौधरी ने किया।







# एबीएस फाउंडेशन ने किया 90 कर्तृत्ववान महिलाओं का सम्मान

**नागपुर.** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर, एबीएस फाउंडेशन द्वारा 8 मार्च को मनीष नगर स्थित लोंदे ज्वैलर्स शोरूम के हॉल में 90 कर्तृत्ववान महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस विशेष कार्यक्रम का आयोजन एबीएस फाउंडेशन की संस्थापक एवं सचिव ज्योति द्विवेदी के नेतृत्व में किया गया, जिसमें समाज में महिलाओं के योगदान को सराहा गया।

कार्यक्रम में महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा दीपा गर्ग ने भी महिलाओं को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथियों में छाया शुक्ला, ऊषा मनोहर देसाई, डॉ. कविता परिहार, सीमा त्रिनगरीवार, एडवोकेट ज्योति उर्कुडे, डॉ. रश्मि तिरुपुडे सहित कई विशिष्ट महिलाएं शामिल रहीं। महिलाओं के सम्मान के साथ-साथ कार्यक्रम में गायन, नृत्य और कविता वाचन जैसी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिनमें 21 विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान अंजली रेड्डी, स्नेहल पातुरकर, कामाक्षा प्रशांत, रजनी भनारे, सुधा उपाध्याय, संगीता राऊत, प्रिया यादव, सोनिया परमार, मेधा चितगोपकर, अनीता गावंडे, रितु सिंह चौहान सहित अन्य महिलाओं को वूमेन अचीवर्स अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रीति यादव ने किया, जबकि ज्योति द्विवेदी ने प्रस्तावना और आभार प्रदर्शन किया। इस महिला सम्मान समारोह के आयोजन में लोंदे ज्वेलर्स इवेंट वेन्यू और गिफ्ट पार्टनर के रूप में सहयोगी रहे।

# बालकवि अंशुल भुजाड़े के 'मेरी दुनिया' काव्य संग्रह का विमोचन

**नागपुर.** बालकवि अंशुल भुजाड़े के काव्य संग्रह 'मेरी दुनिया' का भव्य प्रकाशन समारोह 16 मार्च रविवार को आयोजित किया गया है। यह कार्यक्रम विदर्भ हिंदी साहित्य सम्मेलन, 'मधुरम', दूसरी मंजिल, मोर भवन, झांसी रानी चौक, सीताबर्डी, नागपुर में दोपहर 1 से 5 बजे तक संपन्न होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता होमेश भुजाड़े (प्रसिद्ध साहित्यकार व होलकरशाही के इतिहास के विद्वान) करेंगे। काव्यसंग्रह का विमोचन एड. दिलीप एडतकर (वरिष्ठ विचारक, संपादक - दैनिक विदर्भ मतदार, अमरावती) के करकमलों द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर डॉ. संजय शेंडे (प्रसिद्ध विचारक, ओबीसी व सत्यशोधक आंदोलन के शोधकर्ता एवं समन्वयक) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इस भव्य आयोजन का प्रबंधन मौर्य क्रांति प्रकाशन, नागपुर द्वारा किया गया है। आयोजकों ने सभी साहित्य प्रेमियों से इस विशेष अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।



# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया

**रामटेक.** अखिल भारतीय जनवादी महिला संघटना और महाराष्ट्र अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति, रामटेक के संयुक्त तत्वावधान में 9 मार्च, रविवार को दोपहर 1 बजे कल्याण मित्र बौद्ध विहार, शीतलवाड़ी, रामटेक में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्घाटन एडवोकेट जयश्री मेंगरे और डॉ. अनुराधा वाघमारे ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाराष्ट्र अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति की अध्यक्ष शोभाताई राऊत ने की, जबकि कार्याध्यक्षा दीपा चव्हाण थीं। इस अवसर पर अखिल भारतीय जनवादी महिला संघटना की जिला सचिव अंजली तिरपुडे, पूर्व नगरसेवक गौरा माकडे और नीता भंडारकर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थीं।

कार्यक्रम के दौरान अपने वक्तव्य में अंजली तिरपुडे ने कहा कि आज महिला दिवस केवल एक फैशन बनकर रह गया है, लेकिन इसका असली उद्देश्य महिलाओं के अधिकारों के लिए किए गए संघर्ष को याद करना और समानता के लिए एकजुट होकर आगे बढ़ना है। वहीं, डॉ. अनुराधा वाघमारे ने महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़े विषयों पर मार्गदर्शन किया, जबकि एड. जयश्री मेंगरे ने महिलाओं के कानून और उनके अधिकारों पर प्रकाश डाला। इस मौके पर दीपा चव्हाण ने महिलाओं और अंधश्रद्धा के संबंध में जानकारी दी, जबकि अमित हटवार ने स्त्रीवादी आंदोलन के ऐतिहासिक पहलू और इसके सामने आने वाली चुनौतियों पर चर्चा की। कार्यक्रम के अंत में शोभाताई राऊत ने अपने अध्यक्षीय भाषण में हिंदू कोड बिल की याद दिलाई। कार्यक्रम का संचालन कल्पना हटवार ने किया,

# भाजपा कार्यालय में महिला दिवस का आयोजन

**सौंसर.** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं की शिक्षा, आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण पर विशेष जोर दिया गया। इस कार्यक्रम में पूर्व महिला अध्यक्ष मध्य प्रदेश लता येलकर ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाएं किसी से कम नहीं हैं। अगर वे शिक्षा, आत्मनिर्भरता और दृढ़ संकल्प को अपना लें, तो अपने हर सपने को साकार कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को सिर्फ गृहिणी तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि हर क्षेत्र में आगे बढ़ने का प्रयास करना चाहिए।



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस आमतौर पर 8 मार्च को मनाया जाता है, लेकिन भाजपा कार्यालय में यह आयोजन सावित्रीबाई फुले की शिक्षाओं को ध्यान में रखते हुए विशेष रूप से आयोजित किया गया। इस अवसर पर महिला नेतृत्व और सफलता की प्रेरणादायक कहानियां साझा की गईं। इस कार्यक्रम में प्रमुख वक्ताओं ने महिलाओं को आगे बढ़ने और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। वक्ताओं में उषा भमोरे, भारती चंदनकर, आशा ठाकुर, भारती बरमे, भारती चौरसिया लोधी खेड़ा और शैलजा बत्रा शामिल थीं।

कार्यक्रम में पांढुर्णा भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड, जनपद पंचायत सौसर अध्यक्ष सुरेखा इंदरचंद डागा, रामकृष्ण वाकोडे, दर्शन झाड़े मंडल अध्यक्ष आदि विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर उन महिलाओं का विशेष सम्मान किया गया, जिन्होंने कठिन परिस्थितियों के बावजूद अपने लक्ष्यों को प्राप्त किया। धोटे की प्रेरणादायक कहानी सभी के लिए मिसाल बनी, जिन्होंने संघर्ष करते हुए अपने बेटे को कलेक्टर बनाया। इसके अलावा, महिला पत्रकार रिंटू खान को भी सम्मानित किया गया, जिन्होंने पत्रकारिता के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई। कार्यक्रम में संदीप भाऊ मोहोड़ और लता येलकर ने महिलाओं को आत्मनिर्भरता और लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रेरित किया।

# प्रबंध कार्यकारिणी की पहली बैठक संपन्न

**सौंसर.** चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर संस्थान (हनुमान लोक) जाम सांवली की प्रबंध कार्यकारिणी की प्रथम बैठक रविवार को न्यास कार्यालय में संपन्न हुई। यह बैठक न्यास के संरक्षक श्री दादाराव बोबडे के मार्गदर्शन एवं अध्यक्ष श्री गोपाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई।



बैठक की शुरुआत में रुके हुए निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। गर्भगृह और सभा मंडप के कार्यों को गति देने का निर्णय लिया गया। इस संबंध में एमपी टूरिज्म कारपोरेशन के अधिकारियों और ठेकेदार एमके इंजीनियरिंग, भोपाल के प्रतिनिधियों से चर्चा की गई, जिससे हनुमान लोक के चल रहे कार्यों की प्रगति सुनिश्चित की जा सके। बैठक में बजाज जोड़-राजना मार्ग से मंदिर तक के पहुंच मार्ग को बेहतर बनाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। अन्य प्रमुख प्रस्तावों में मूर्ति संकल्प अभिषेक, आरती, भोग, और लड्डू प्रसाद वितरण व्यवस्था को शीघ्र शुरू करने का निर्णय लिया गया। आगामी वित्तीय वर्ष से पार्किंग प्रबंधन, वित्त एवं लेखा व्यवस्था के सुचारू संचालन हेतु एक सीए फर्म के चयन के लिए योग्य निविदाकारों से निविदाएं आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही, न्यास एवं मंदिर की दिनचर्या को सुव्यवस्थित करने के लिए विभिन्न समितियों के गठन को भी स्वीकृति दी गई। मंदिर प्रशासन को मजबूत बनाने के लिए वरिष्ठ प्रबंधक (प्रशासन), वरिष्ठ लेखा अधिकारी, प्रमुख सुरक्षा अधिकारी, प्रधान पुजारी सहित अन्य महत्वपूर्ण पदों पर अनुभवी व्यक्तियों की नियुक्ति का भी प्रस्ताव पारित किया गया। आगामी श्री रामनवमी और श्री हनुमान जन्मोत्सव की तैयारियों को लेकर अगले सप्ताह न्यास की विशेष बैठक बुलाने का निर्णय लिया गया।

# यूनिवर्सिटी ने पहली बार जताई छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य की चिंता

**नागपुर.**

छात्रों में बढ़ रही अवसाद की समस्या बड़ी चिंता की वजह बनता जा रहा है। अब इसके समाधान के लिए नागपुर विश्वविद्यालय ने पहल की है। विश्वविद्यालय ने छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य का समाधान करने के लिए अपने बजट में 25 लाख रुपए का प्रावधान किया है। इसके तहत नागपुर विश्वविद्यालय और विश्वविद्यालय से संलग्न कॉलेज के छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य पर, जिला और विश्वविद्यालय स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही मानसोपचार विशेषज्ञ छात्रों को परामर्श देंगे।

गौरतलब है कि आधुनिक तकनीक के इस युग में, विशेषकर युवा पीढ़ी मोबाइल की आदी हो गई है। दूसरी ओर, युवा पीढ़ी में मानसिक तनाव और अवसाद की दर भी काफी बढ़ गई है। अवसाद के शिकार युवाओं को यह भी डर रहता है कि अगर वे अपनी बात कहेंगे तो लोग उन पर हंसेंगे। इसलिए, वह इसे व्यक्त भी नहीं करते। दिन-प्रतिदिन इस समस्या का ग्राफ बढ़ता ही जा रहा है। ज्यादातर शारीरिक स्वास्थ्य पर अधिक ध्यान दिया जाता है।



लेकिन शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य भी उतना ही मायने रखता है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) अनुसार विश्व में 15-30 वर्ष आयु-वर्ग में मृत्यु का चौथा सबसे बड़ा कारण आत्महत्या ही है। किशोरों और युवाओं में मानसिक बीमारियों, यहां तक कि शारीरिक विकलांगता का भी बड़ा कारण अवसाद (डिप्रेशन), उत्तेजना (एंजाइटी) तथा व्यावहारिक विकार (बिहेवियर डिसऑर्डर) हैं। वर्तमान में अवसाद, वैश्विक बीमारी बोझ में दूसरा स्थान रखता है। अभिभावकों के सपने और शैक्षिक बेरोजगारी, सामाजिक पूर्वाग्रह व उपेक्षा, व्यक्तिगत व पेशेवर संबंधों में तनाव यह भी युवाओं में मानसिक समस्याओं के प्रमुख कारण हैं।

## नागपुर विवि में स्वास्थ्य केंद्र

नागपुर विश्वविद्यालय के छात्र एवं शिक्षकों को मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर राज्यपाल नामित सदस्य शुभांगी नक्षिणे ने सीनेट सभा में प्रस्ताव रखा था। समस्या पर गंभीरता से विचार विमर्श कर समाधान के लिए नागपुर विश्वविद्यालय ने पहली बार छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान देने के लिए कदम उठाया है। इस प्रस्ताव पर संज्ञान लेते हुए नागपुर विवि ने छात्र, शिक्षक और कर्मचारियों के अच्छे मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य केंद्र में दो डॉक्टर, दो नर्स एवं एक मनोचिकित्सक की नियुक्ति का प्रावधान किया गया है।

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 330-6 | 778-2 |
| श्रीदेवी नाईट | 468-8 | 890-7 |
| प्रभात | 480-2 | 457-6 |
| प्रभात नाईट | 599-3 | - |
| डायमंड | 479-0 | 578-0 |
| मेन बाजार | 128-1 | - |
| मिलन डे | 678-1 | 148-3 |
| मेन रतन | 260-8 | 356-4 |
| कल्याण | 125-8 | 469-9 |
| राजधानी डे | 334-0 | 177-5 |
| राजधानी नाईट | 400-4 | - |
| कुबेर डे | - | - |
| डायमंड नाईट | 567-8 | 130-4 |